दैनिक नवज्योति - कोटा - सितम्बर 03, 2019

चम्बल फर्टीलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड

(सीआईएनः L24124RJ1985PLC003293)

पंजीकृत कार्यालयः गड़ेपान, जिला कोटा, राजस्थान, पिन – 325 208

टेलीफोन नं. 0744–2782915; फैक्स नं. 07455–274130

कॉर्पोरेट कार्यालयः "कॉर्पोरेट वन", प्रथम मंजिल, 5, व्यावसायिक केन्द्र, जसोला, नई दिल्ली – 110025

टेलीफोन नं. +91–11–46581300, 41697900; फैक्स नं. +91–11–40638679

ई–मेलः isc@chambal.in; वेबसाइटः www.chambalfertilisers.com

34वीं वार्षिक साधारण सभा एवं दूरस्थ ई–मतदान की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चम्बल फर्टीलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 34वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) शनिवार, 28 सितम्बर 2019 को प्रातः 10:30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय गड़ेपान, जिला कोटा, राजस्थान, पिन–325208 पर स्थित 'मल्टी पर्पज हॉल' में, एजीएम के आयोजन की सूचना में निहित साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना दिनांकित 26 अगस्त 2019, के साथ प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची एवं एजीएम के आयोजन स्थल का मार्ग मानचित्र ("एजीएम नोटिस") तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 की कम्पनी की वार्षिक रिपोट ("वार्षिक रिपोट") (i) उन सदस्यों को ई–मेल द्वारा भेजे गये है जिन्होंने कम्पनी अथवा अपने डिपॉज़िटरी सहभागी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराया हुआ है, तथा (ii) उन सदस्यों को भौतिक रुप मे अनुमत्य विधि से प्रेषित कर दिये गये हैं जिन्होने उक्त अनुसार अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है या भौतिक प्रतिलिपि के लिए अनुरोध किया है। कम्पनी ने एजीएम नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण सोमवार, 2 सितम्बर 2019 को पूरा कर लिया है।

एजीएम में निष्पादित किये जाने वाले प्रस्तावित व्यवसाय, एजीएम के आयोजन स्थल से भिन्न किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली के उपयोग से मतदान (दूरस्थ ई–मतदान) द्वारा निष्पादित किये जा सकते हैं। कम्पनी ने नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") को दूरस्थ ई–मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया है। दूरस्थ ई–मतदान की प्रक्रिया एवं रीति एजीएम नोटिस में दिये गये हैं। एजीएम नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइटः www.chambalfertilisers.com पर उपलब्ध हैं। एजीएम नोटिस एनएसडीएल की वेबसाइटः www.evoting.nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटः www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

हम आगे सूचित करते है किः

(क) दूरस्थ ई–मतदान, मंगलवार, 24 सितम्बर 2019 को प्रातः 9:00 बजे, प्रारम्भ होगा।

(ख) दूरस्थ ई–मतदान, शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 को सांय 5:00 बजे, समाप्त होगा एवं दूरस्थ ई–मतदान की अनुमति कथित तारीख तथा समय के पश्चात् नहीं होगी।

(ग) दूरस्थ ई–मतदान एवं एजीएम में वोटिंग की योग्यता के निर्धारण हेतु निर्णायक तारीख 21 सितम्बर 2019 है। केवल वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभभोगी स्वामियों की सूची में (डी–मैटेरिएलाइज्ड तौर पर शेयर धारण के सम्बन्ध में) निर्णायक तारीख अर्थात् 21 सितम्बर 2019 को दर्ज हो, दूरस्थ ई–मतदान की सुविधा या एजीएम मे मतदान करने का पात्र होगा।

(घ) कोई भी व्यक्ति जो एजीएम नोटिस के प्रेषण के पश्चात् शेयर खरीदता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा निर्णायक तारीख अर्थात् 21 सितम्बर 2019 को शेयर धारक होता है वह evoting@nsdl.co.in अथवा isc@chambal.in पर ई–मेल द्वारा आवेदन कर दूरस्थ ई–मतदान के लिए यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा इस बारे में टॉल फ्री दूरभाष संख्या 1800–222–990 पर कॉल कर सकता है। यदि शेयर धारक पहले से ही एनएसडीएल के साथ दूरस्थ ई–मतदान के लिए पंजीकृत है तो वह अपना मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड दूरस्थ ई–मतदान के जरिये मतदान करने के लिए प्रयोग कर सकता है।

(ङ) मत–पत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा भी एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में उपस्थित वे सदस्य जिन्होंने दूरस्थ ई–मतदान के माध्यम से अपना मतदान न किया हो, एजीएम में अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

(च) कोई भी सदस्य दूरस्थ ई–मतदान के माध्यम से मतदान करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है परन्तु उसे एजीएम में पुनः मतदान करने की अनुमति नहीं होगी।

(छ) दूरस्थ ई–मतदान की सुविधा से सम्बन्धित किसी भी स्पष्टीकरण/शिकायत हेतु सदस्य सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबन्धक, नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कम्पाउन्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई–400 013 से नामित ई–मेल पताः evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in अथवा टेलीफोन नं. 022-24994545 पर सम्पर्क कर सकते है अथवा कम्पनी के सहायक प्रबन्धक–सेक्रेटेरियल श्री श्यामल कुमार चौधुरी से नामित ई–मेल पताः isc@chambal.in अथवा कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय के ऊपर लिखित पते एवं टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते चम्बल फर्टीलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड

हस्ता/–

राजवीर सिंह

वाईस प्रेसिडेंट– लीगल एवं सचिव

स्थान : नई दिल्ली

दिनांकः 2 सितम्बर 2019